**बजट समीक्षा** | केंद्रीय बजट में सोलर प्रोडक्ट पर कस्टम ड्यूटी कम करने की घोषणा की गई है, जिससे लागत कम होने पर लखनऊ में बढ़ सकती है सौर ऊर्जा उपभोक्ताओं की संख्या

# कस्टम ड्यूटी घटने से सोलर पैनल 12 फीसदी तक सस्ता होगा

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट में सोलर प्रोडक्ट (सोलर स्ट्रक्चर, सोलर प्लेट) पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी है। इससे घर की छत पर सोलर पैनल लगवाना 12 फीसदी तक सस्ता हो सकता है और शहर में सोलर पैनल लगवाने वाली की संख्या में जबरदस्त इजाफा हो सकता है।

वित्त मंत्री ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पूरे देश में एक करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सोलर पैनल के अधिकतर उत्पाद पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी है। आईआईए, लखनऊ चैप्टर के को-चेयरमैन (सोलर) चिंतेश निगम ने बताया कि बजट में सोलर की मैन्युफैक्चरिंग मशीन पर भी कस्टम ड्यूटी घटाई गई है। इससे छोटे उद्यमी भी सोलर पैनल की मशीन लगवा सकते हैं। हमारे यहां सोलर स्ट्रक्चर बनाने की कोई यूनिट नहीं है। यह स्कीम हमें सोलर स्ट्रक्चर यूनिट लगाने में मदद करेगी।

**केंद्र एवं राज्य सरकार से 1.08 लाख रुपये सब्सिडी :** वहीं, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभार्थी अपना बिजली बिल लगभग दो तिहाई कम कर सकते हैं। अगर आप इस योजना के तहत अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाते हैं तो केंद्र सरकार अलग-अलग कैटेगरी में 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी मुहैया कराती है। राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलती है।



**1.80**

लाख में लगता है एक केवी का पैनल

- सोलर स्ट्रक्चर सोलर सेल की कीमत घटेगी

## संयंत्र पर केंद्र एवं राज्य सरकार की तरफ से सब्सिडी

| संयंत्र की क्षमता | केंद्र सब्सिडी | राज्य सब्सिडी | कुल सब्सिडी |
|---|---|---|---|
| एक किलोवाट | 30 हजार | 15 हजार | 45 हजार |
| दो किलोवाट | 60 हजार | 30 हजार | 90 हजार |
| तीन किलोवाट | 78 हजार | 30 हजार | 1.08 लाख |
| दस किलोवाट | 78 हजार | 30 हजार | 1.08 लाख |

## सोलर पैनल के लिए करें आवेदन

सोलर पैनल लगवाने के लिए **https://www.pmsuryaghar.gov.in/** आवेदन करना होगा। आवेदक को आधार, मोबाइल नंबर, बैंक खाता, बिजली बिल की कॉपी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

## लखनऊ में 12 हजार सोलर उपभोक्ता

योजना का मकसद यह है कि लोग सोलर पैनल लगवा सकें ताकि उनकी बिजली जरूरतों पर खर्च बेहद कम हो। सोलर विशेषज्ञ और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) सदस्य हिमांशु रावत ने बताया कि लखनऊ में इस समय करीब 12 हजार सोलर उपभोक्ता हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बाद उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक नादरगंज में 802, गोमतीनगर में 1200, कानपुर रोड पर 1189 और वृंदावन में 976 सर्वाधिक सोलर उपभोक्ता हैं।